तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 30 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 जुलाई 2024

10 लोगों की शिकायतों को लिया जा रहा प्राथमिकता के आधार पर: एडीसी



10 पर्याप्त बिजली और पानी निकासी के निर्देश



## खबर संक्षेप

### व्यक्ति पांच किलो चूरा पोस्त के साथ पकड़ा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने पुराना हिसार रोड पर एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से पांच किलो चूरा पोस्त बरामद किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी।

### मकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** जिले के गांव शुगलपुर से चोर एक मकान का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने व चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए। गांव शुगलपुर के गिरजा सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को चोर उसके मकान का तारा तोड़कर उसमें रखें हजारों रुपए के सोने और चांदी के जेवरात में अन्य सामान चुरा कर ले गए।

### चाय विक्रेता के कब्जे से 229 ग्राम गांजा पत्ती बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नरवाना रोड पर चाय की दुकान चलाने वाले व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 229 ग्राम गांजा बरामद किया है। गांजा पत्ती को पाउच में डाला गया था। सदर थाना पुलिस ने चाय दुकानदार के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में महिला घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा कलायत में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। कलायत की बबीता ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 जुलाई को कपिल, राकेश, साहिल, राजू, अनुकूल ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे पर लाठी गंडासी और ईंटों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसके सामान को भी तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी।

### ऑयल मिल का टूटा ताला, सामान चोरी

**जींद।** सफीदों रेलवे फाटक के निकट बीती रात चोरों ने ऑयल मिल का ताला तोड़ कर बैटरी, इन्वर्टर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके ऑयल मिल का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### गांव रामगढ़ पंडवा से युवती लापता, केस दर्ज

**कैथल।** कलायत पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को रामगढ़ पंडवा से उसकी 18 साल की बेटी बिना बताए घर से चली गई। अन्य मामले में कलायत पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 16 को बड़सीकरी से उसकी 40 वर्षीय पत्नी उसकी चार साल की बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव दुडाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दुडाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने,पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### चोरी करने के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** घर में सेंधमारी कर चोरी करने के मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा दुसरा आरोपी भगत सिंह कॉलोनी कैथल निवासी अतुल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भगत सिंह कॉलोनी कैथल निवासी सुखविंद्र सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

---

## कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ डाटा एंट्री आपरेटर ने भी खोला मोर्चा, सरकारी सेवाएं पूर्णत: ठप

# 15 करोड़ से ज्यादा का सरकारी राजस्व प्रभावित

## हड़ताल से सेवाएं ठप होने पर काम के लिए मारे-मारे फिर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के आह्वान पर पिछले तीन दिन से हड़तालरत कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ डाटा एंट्री आप्रेटर ने भी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार से डाटा एंट्री आप्रेटर भी हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे सरकारी सेवा ठप होने के साथ सरकारी कामकाज भी प्रभावित हो गया है। कंयूटर आपरेटर तथा डाटा एंट्री आपरेटर के हडताल पर जाने से व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। हड़ताल के चलते पिछले तीन दिनों से तहसील कार्यालय में तहसील से संबंधित कार्य ठप पड़े हुए हैं। तीसरे दिन भी जिले में कोई रजिस्ट्री नही हुई, जिससे सरकार को राजस्व के रूप में करीब 15 करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं फर्द, इंतकाल, जमाबंदी समेत अन्य काम भी नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। लोग लघु सचिवालय में तो पहुंच रहे हैं लेकिन कामकाज न होने पर इतजार कर घर वापस जा रहे हैं। ई-दिशा से जुड़े सरल केंद्र तथा तहसील में कामकाज के लिए काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं लेकिन वहां से आप्रेटर गायब है। सरकारी काम दोनों स्थानों से होता है। लोगों की सुविधा के लिए खिड़कियां बनाई गई हैं ताकि बिना समय गंवाए लोगों को कार्य ऑनलाइन हो सके। कंप्यूटर आपरेटर के साथ डाटा एंट्री आप्रेटर के हड़ताल पर चले जाने से समस्या ओर बढ़ गई है। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि सीएम विंडो भी हड़ताल का शिकार हो गई है। अब काम के लिए भटक रहे लोग अपना काम करवाने कहां जाएं। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के संगठन संयोजक राजेश गौतम ने बताया कि कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने सरकार को पहले अल्टीमेटम दे दिया था। बावजूद इसके सरकार ने कोई ध्यान नही दिया। वीरवार को करनाल में सीएम आवास का घेराव किया जाएगा। हड़ताल के कारण लोग परेशान का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी सरकार पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। सरकार को हर रोज करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनकी मांग नही मानी तो आंदोलन को और तेज कर दिया जाएगा।





जींद। हड़ताल के चलते खाली मौजूद तहसील परिसर। फोटो :हरिभूमि

### तहसील में नही हो रहा कार्य

नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ ने बताया कि कंप्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। जिसके चलते कामकाज प्रभावित हो रहा है। हड़ताल से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी रही है। ऑपरेटरों की हड़ताल से तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री के अलावा इंतकाल, फर्द, जमाबंदी जैसे कार्य भी नहीं हो पा रहे है।

### काम नहीं होंगे बाधित


एसडीएम राकेश सैनी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कंप्यूटर आपरेटरों की हड़ताल के चलते यह अफवाह फैलाई गई कि सरल केंद्र के कार्य बाधित हो रहे हैं। परंतु ऐसा कतई नहीं है। सरकारी कार्य निरंतर पहले की तरह चले रहे हैं। कंप्यूटर आपरेटरों कोे हड़ताल से आम जनता का किसी भी प्रकार का कोई कार्य बाधित नही हो रहा है। प्रतिदिन की तरह सरल केंद्र में होने वाले सभी कार्य जैसे ओबीसी सर्टिफिकेट, इनकम सर्टिफिकेट, लाइसेंस आदि बनवाने के कार्य निरंतर चल रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सरल केंद्र में आकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### मांगों को लेकर हड़ताल जारी

उचाना उपमंडल कार्यालय में ई-दिशा केंद्र में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर बुधवार को भी अपनी मांगों को लेकर हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के आह्वान पर लगातार तीसरे दिन हड़ताल पर रहे। यहां पर कंप्यूटर आपरेटरों की सीट खाली नजर आई। रजिस्ट्री, फर्द, इंतकाल निकलवाने के अलावा सभी तरह के सर्टिफिकेट के कार्य प्रभावित रहे। सभी योजनाओं को सरकार द्वारा ऑनलाइन किए जाने के चलते लोगों को ई-दिशा केंद्र से होने वाले कामों को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ प्रवक्ता राजेश श्योकंद ने कहा कि 58 साल तक जॉब सिक्योरिटी, समान काम समान वेतन, डीआईटीएस का केंद्रीय करण, बजट का प्रावधान, एचकेआरएनएल में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापिस डीआईटीएस वापिस भेजने जाने, जो रेगूलरलाइजेशन पॉलिसी लेकर सरकार आ रही है उसमें शामिल करने की मांग को लेकर सोमवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल चल रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को 16 जिलों में हड़ताल थी।

### पद स्वीकृत करवाए जाएं

डाटा एंट्री ऑपरेटर और जूनियर प्रोग्रामरों ने भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मांगें न माने जाने के विरोध में डाटा एंट्री आप्रेटर भी बुधवार को हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके चलते सरकारी कामकाज प्रभावित हो गया है। यूनियन के जिला महासचिव रिषि ने बताया कि जिन विभागों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कर्मचारी कार्यरत हैं और पद स्वीकृत नही हैं, वहां तत्काल प्रभाव से उन कर्मचारियों के पदों के विरूद्ध पद स्वीकृत करवाए जाएं। एक्सग्रेशिया की पुरानी नीति को बहाल किया जाए। सरकार को समय दिया गया था, उन्हें बातचीत के लिए नही बुलाया गया। जिसके चलते हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। 18 जुलाई को सामूहिक अवकाश रहेगा। 21 जुलाई को पंचकूला में आगामी रणनीति बनाई जाएगी।



कैथल। हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते कंप्यूटर प्रोफेशनल। फोटो :हरिभूमि

### कैथलः 600 से अधिक रजिस्ट्री के कार्य अधर में लटके, लोग परेशान

**कैथल।** समान काम समान वेतन लागू करने सहित अन्य मांगों के समर्थन में कंप्यूटर प्रोफेशनल की हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल से लघु सचिवालय और तहसील में अपने काम करवाने के लिए पहुंचे लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। इसके चलते तीन दिन से ई-दिशा केंद्र व तहसीलों में कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। तीन दिन में पूरे जिले में 600 से अधिक रजिस्ट्री के कार्य अधर में लटके हैं। जबकि लाइसेंस और वाहनों का पंजीकरण भी काफी प्रभावित हो रहा है। हड़ताल से लोग दर-दर भटकते दिखाई दिए। हड़ताल के चलते किसी भी प्रकार की कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण लोगों को बिना काम करवाए ही वापस लौटना पड़ रहा है। कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के सदस्य सुभाष ने बताया कि हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्स संघ से जुड़े ये कंप्यूटर ऑपरेटर डिस्ट्रिक्ट आईटी सोसाइटी का केंद्रीय करण करके बजट का प्रावधान करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही उनकी हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भेजे गए सभी कर्मचारियों को वापस डीआईटीएस में शामिल करने की मांग भी है। कैटिगिरी/पद अनुसार समान काम समान वेतन देने, समान काम समान वेतन लागू करने, 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने और सरकार की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत कंप्यूटर ऑपरेटरों को पक्का करने की मांग भी है।

---

### पुत्रवधु समेत तीन पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**जींद।** पेप्सू सरकार में मंत्री तथा पूर्व सांसद की फर्जी वसीयत तैयार करवाने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने उनकी पुत्रवधु समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने, फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पेप्सू सरकार में मंत्री एवं पूर्व सांसद रहे स्व. इंद्रसिंह के बेटे मेजर जनरल अनिल चौधरी, उनके भाई सत्यरूप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता स्व. इंद्र सिंह 1952 में पेप्सू सरकार में मंत्री तथा 1977 में सांसद भी रहे हैं। उनकी नरवाना समेत अन्य स्थानों पर संपत्ति थी। जिन्होंने अपनी जीवनकाल मे चल तथा अचल संपत्ति की कोई वसीयत नही की। 26 नवंबर 2000 को उनकी मौत होने के बाद उनके वारिसान में बराबर संपत्ति बांट दी गई थी। उनके पिता इंद्र सिंह के नाम नरवाना में 1551 वर्ग गज का मकान है। जिसमें सभी का बराबर का हिस्सा है। जनवरी 2022 में सभी छह वारिस ने बंटवारे की याचिका दायर की।



राजौंद। बीडीपीओ ऑफिस के सामने भरा पानी व साथ में लगा रिचार्ज बोर।

### दूषित पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

**राजौंद।** राजौंद में हल्की सी बरसात हुई तो बरसात का पानी कई जगहों पर खड़ा हो गया। जिससे लोगों की आवा जावी काफी प्रभावित हुई। सबसे ज्यादा समस्या मुख्य मार्ग से लोगों को गुजरते समय हुई राजौंद के दुर्गा मंदिर को जाने वाली गली में बरसात के कारण रास्ता खराब हो गया। इसके खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के बाहर थोड़ी सी बरसात में ही पानी भर गया। जिससे लोगों को पानी से ही गुजरना पड़ा हालांकि यहां लाखों रुपये खर्च करके रिचार्ज बोर भी लगाया गया है। लेकिन फिर भी पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए तहसील व खंड विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में जाने के लिए पानी से ही गुजरना पड़ा। जबकि बरसात के बाद काफी तेज धूप भी थी। लेकिन ऐसी व्यवस्था से साफ नजर आता है कि बरसाती मौसम में पानी निकासी की क्या व्यवस्था होगी।

### शोकाकुल परिवार से दुर्व्यवहार करने पर हवलदार लाइन हाजिर

**जींद।** बुढाबाबा बस्ती में रात को शोकाकुल परिवार के साथ दुव्यवहार करने पर बुधवार को आचार्य योगेंद्र के नेतृत्व में परिजन एसपी सुमित कुमार से मिले और कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने हवलदार लाइन हाजिर करने आदेश दिए हैं।

आचार्य योगेंद्र के नेतृत्व में एसपी सुमित कुमार से मिलने पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बुढाबाबा बस्ती निवासी सुरजमल परिवार में चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। देर रात को परिजन व रिश्तेदार मकान का दरवाजा खुला छोड़ कर कुछ गली में तो कुछ अंदर बैठे हुए थे। उसी दौरान हवलदार राजीव अपने सहयोगी के साथ गश्त कर रहे थे। आरोप लगाया कि गश्त कर रहे हवलदार ने उनकी एक नही सुनी और उनके साथ गाली गलौज करते हाथापाई पर उतर आया। नशा बिकने की बात कहते हुए अंदर डालने की बात कही। जिसकी शिकायत पुलिस हैल्पलाइन पर की गई।

## दातासिंहवाला बॉर्डर से अंबाला पहुंचे किसान

- अंबाला में ही लिया जाएगा भविष्य के आंदोलन का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना स्थित दातासिंहवाला बॉर्डर से बुधवार सुबह काफी संख्या में किसान अंबाला के शंभु बॉर्डर पर पहुंचे। पूरा दिन दातासिंह वाला बॉर्डर पर शांति रही। यहां किसान नेताओं ने कहा कि शंभु बॉर्डर से जो भी आदेश आएंगेए उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को भी कुछ किसान दातासिंह वाला बॉर्डर पर पहुंचे। किसान नेता नवदीप जलबेड़ा की देर रात हुई रिहाई के बाद किसानों ने एसपी कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम टाल दिया था। इसके बाद उन्होंने अंबाला में नवदीप जलबेड़ा के सम्मान में कार्यक्रम के आयोजन का ऐलान किया था।

इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काफी संख्या में किसान दातासिंहवाला बॉर्डर से अंबाला पहुंचे। दातासिंहवाला बॉर्डर पर काफी कम संख्या में किसान बचे थे। यहां पूरा दिन शांति रही और पूरा दिन अंबाला में जो घटनाक्रम चलता रहाए उसके बारे में जानकारी हासिल करते रहे।



जींद। दातासिंहवाला बॉर्डर से अंबाला के लिए सुबह रवाना होते किसान।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी के अहवान पर बलोक कमेटी कैथल ने तीसरे दिन बुधवार को भी नगर परिषद के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने की संचालन ब्लॉक सचिव विजय गिल ने की। धरना-प्रदर्शन मे सफाई,फायर व दफ्तर के कर्मचारी शामिल हुए। संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ,राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद, केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश,गौरव टांक विक्की टांक व ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने कहा कि राज्य सरकार व उसका प्रसाशन लगातार दलित कर्मचारिओ की अनदेखी कर रहा ह ओर दलित सफाई कर्मचारिओ को ठेकेदारो के रहमो करम पर छोड़ा जा रहा ह ठेकेदार कर्मचारिओ की जायेज माँगो को पूरा करने की बजाये राज्य सरकार व उसके प्रसाशन की सह पर इसका शोषण करके अपनी जेब भरने पे लगा हुआ है। शहर की सफाई वयवस्था का बूरा हाल है। टैंडर के अनुसार सभी 31वार्डों मे कचरा उठाने के लिए हर वाड मे 2-2 छोटे डैंपर और 10 ट्रैक्टर ट्राली होने चहिए थे।



कैथल। नप कार्यालय में नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## महिला पुलिस की होटल और सपा सेंटरों पर रेड

- बार-बार पुलिस को मिल रही थी अनैतिक कार्य की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कैथल महिला थाना पुलिस ने बुधवार को कलायत में विभिन्न होटलों में कमरा देने वालों और सपा केंद्रों पर महिला थाना प्रभारी रेखा रानी ने छापा कार्यवाही की। चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर दो अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही को देखते होटल व सफा संचालकों में हडकंप मच गया। आनन-फानन में जहां उन्होंने सपा केंद्र के बाहर लगाए गए होर्डिंगों को उखाड़ फेंका वहीं होटल संचालक खुद तालाबंदी करते दिखे। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर कैथल और नरवाना रोड पर पिछले कुछ समय से गैर कानूनी तौर से होटलों में कैमरे देने के साथ-साथ सपा केंद्र चलाने की शिकायत लोग कर रहे थे। हालात इस कदर खराब रहे कि बस अड्डा और लोक निर्माण विश्राम गृह के आसपास सपा व होटलों के नाम पर भारी आवाजाही युवाओं की रहती थी। इससे आसपास के दुकानदार व रिहायशी क्षेत्र के लोग बेहद परेशान थे। इस पर संज्ञान लेते हुए आखिरकार कैथल महिला पुलिस थाना ने कलायत में छापा कार्यवाही को अंजाम दिया।



सपा केंद्र के बाहर खड़े पुलिस के वाहन।

### शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

कैथल महिला थाना प्रभारी रेखा रानी ने बताया कि छापा कार्यवाही को देखते हुए खुद संचालकों ने होटल व सपा केंद्र बंद कर दिए। भविष्य में यदि फिर से कोई इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर कानून और व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सजग है।

### एसपी से करूंगा बातः सांसद

हिसार के कांग्रेस सांसद जयप्रकाश जेपी ने कहा कि अनैतिक कार्यों की समाज में कोई जगह नहीं है। वे खुद जिला पुलिस कप्तान से इस मामले में बात करेंगे। किसी भी सूरत में अनैतिक कार्य पनपने नहीं दिए जाएंगे।

---

**कार्रवाई** | डीईओ ने जारी किया पत्र, 20 दिन से ज्यादा अनुपस्थित होने पर काट सकेंगे नाम

## अब निजी स्कूल संचालक दो महीने से ज्यादा की लंबित फीस नही वसूल सकेंगे विद्यार्थी से

कई-मई महीनों की बकाया फीस का भार नहीं डाला जा सकता अभिभावकों पर

- निजी स्कूल संचालकों को चाहिए कि वह विद्यार्थियों से समय पर फीस लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से कई माह की बकाया फीस मांगने पर अब निजी स्कूल संचालकों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। कई अभिभावकों ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत देकर बताया था कि निजी स्कूल संचालक उनके कई महीनों की बकाया फीस मांग रहे हैं। जिसकी एवज में वह विद्यार्थियों का एसएलसी रोक कर दूसरे स्कूलों में दाखिला लेने पर पाबंदी लगाए हुए हैं। इसको गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिख कर निर्देश दिए हैं कि जो निजी स्कूल संचालक विद्यार्थियों से लंबित दो माह से ज्यादा फीस वसूलेगा। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। निजी स्कूल संचालकों को चाहिए कि वह विद्यार्थियों से समय पर फीस लें, एक साथ ज्यादा फीस भरने में अभिभावक असमर्थ होते हैं। कई महीनों की बकाया फीस दिखा कर यह निजी स्कूल संचालक विद्यार्थियों पर मनमानी करते हैं और स्कूल छोडऩे या दूसरे स्कूल में जाने की स्थिति में विद्यार्थियों को एसएलसी नहीं दे रहे। निजी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि अगर कोई विद्यार्थी लगातार 20 दिन तक गैरहाजिर रहता है या दो माह तक फीस जमा नहीं करवाता है तो उसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी को सूचित कर नाम काट सकता है। इसके अतिरिक्त किसी भी सूरत में दो महीने से ज्यादा की फीस के नाम पर विद्यार्थी का एसएलसी नहीं रोक सकता। अगर कोई स्कूल भविष्य में इस तरह की मनमानी कर विद्यार्थी का एसएलसी रोकने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

### सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि अगर किसी निजी स्कूल संचालक ने विद्यार्थी का एसएलसी रोकने के नाम पर दो माह से ज्यादा फीस मांगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। 20 दिन से ज्यादा विद्यार्थी के गैरहाजिर रहने और दो माह की फीस जमा नहीं करवाने पर स्कूल संचालक नाम काटने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को सूचित कर सकते हैं।

## उचाना में झमाझम बरसात से 3 डिग्री तक लुढका तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बुधवार को उचाना में झमाझम बारिश हुई तो नरवाना तथा जींद में हलकी बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया। आकाश में बादल भी घुमड़ते रहे लेकिन उचाना को छोड़ कर जिले में अन्य स्थानों पर बारिश नही हुई। बारिश तथा बूंदाबांदी से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिसने गर्मी तथा उमस से कुछ हद तक राहत दी। बुधवार को उचाना में 39 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि जींद तथा नरवाना में हलकी बूंदाबांदी दर्ज की गई है। अन्य स्थानो पर मौसम शुष्क बना रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान में 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 59 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में आकाश में बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। जिले में मानसून इस बार दगा दे रहा है। औसत से 35 प्रतिशत बारिश कम हुई। मौसम में उमस भी जबरदस्त बन रही है। बुधवार को दिन का आगाज आकाश में बादलवाई के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### 24 शिकायतें आई आठ का मौके पर समाधान

**सफीदों।** नगर के मिनी सचिवालय में एसडीएम मनीष कुमार फोगाट की अध्यक्षता में लगे समाधान शिविर में बुधवार को 24 शिकायतें आई। इनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, शेष समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। इस अवसर पर तहसीलदार राजेश गर्ग विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### सुरजेवाला के नेतृत्व में बनेगी सरकार: मनोज

**उचाना।** राष्ट्रीय महासचिव किसान कांग्रेस एवं प्रभारी छत्तीसगढ़ मनोज नचार ने कहा कि अब तक बांगर में राज लाने के नाम पर लोगों को बहकाया गया। लोगों से बांगर में राज लाने के नाम पर वोट तो लिए गए लेकिन बांगर में राज लाने की बजाए खुद सत्ता का सुख भोगते रहे। इस बार बांगर में राज लाने का काम कांग्रेस राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला करेगा। रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेंगी।

### सावन माह में बन रहे विशेष संयोग: अशोक

**उचाना।** 22 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह में इस बार विशेष संयोग बन रहे है। सावन माह की शुरूआत सोमवार से हो रही है। सावन माह में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव भक्त व्रत रखते है। हरिद्वार, गौमुख से कांवड़ भी शिव भक्त लेकर आते है। महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी पुजारी अशोक शर्मा ने सावन माह सोमवार से शुरू हो रहा है।

### खेल कोटे से ग्रुप डी में मिली दो खिलाड़ियों को नौकरी

**उचाना।** ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा के हैंडबॉल सेंटर के दो सीनियर खिलाड़ी सुखविंद्र, साहिल को गुरप डी में नौकरी मिली है। सुखविंद्र को शिक्षा विभाग, साहिल को पशुपालन विभाग में सरकारी नौकरी मिली। दोनों खेल कोटे से नौकरी लगे है। हैंडबॉल के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी रहे हैं। स्कूल के डायरेक्टर जुगमिंद्र सिंह ने बताया की सुखविंद्र नरवाना का रहने वाला है जबकि साहिल डूमरखा कलां का रहने वाला है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और संस्थानों को वर्ष 2025 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने देते हुए बताया कि वर्ष 2025 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बुढाखेड़ा बिक्री केंद्र में किया पौधरोपण

**सफीदों।** उपमंडल सफीदों की सहकारी समितियों के बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति रामपुरा के बिक्री केंद्र बुढ़ाखेड़ा गांव में सहकारिता विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सफीदों की सहायक रजिस्ट्रार अदिति सांगर नें बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए पौधारोपण किया।

### शिक्षा सिंधु ने जीकेएस छात्रवृति प्राप्त की

**जींद।** हिसार जिला के गांव खांडा खेडी की छात्रा शिक्षा सिंधु पुत्री अनिल कुमार ने दक्षिण कोरिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में जीकेएस छात्रवृति प्राप्त की तथा मास्टर ऑफ साइंस दो वर्षीय कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा शिक्षा को विश्वविद्यालय की तरफ से खाना-पीना, होस्टल सुविधा, फीस, वीजा इत्यादि सब कुछ फ्री दिया जाएगा।

### हमला कर घायल करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव बहादुरगढ़ में रंजिशन हमला कर घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह अपने दोस्त के साथ स्कूटी पर सवार होकर सफीदों से गांव की तरफ जा रहा था।

---

### अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में समाधान शिविर

# आमजन की शिकायतों को लिया जा रहा प्राथमिकता के आधार पर: एडीसी

**समाधान शिविर में एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याएं सुन रहे अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। गौरतलब है कि जून से हर कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन करवाया जाता है जिसमें नागरिकों कि समस्याएं सुनी जाती है और उनका निदान किया जाता है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इन कार्य दिवस पर सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनते है व उनका समाधान करते है। यह प्रदेश सरकार कि एक अनूठी पहल है और सरकार के इस कदम से आमजन की बहुत सारी समस्याओं का हल मौके पर ही हो रहा है यदि कोई गंभीर समस्या आती है तो संयुक्त रूप से संबंधित अधिकारी उस पर विचार विमर्श व कार्रवाई कर उसका भी निदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभाग से सम्बंधित शिकायतों पर पूरा दिन काम करते है जैसे प्रोपर्टी आईडी से संबंधित शिकायते नगर निगम दवारा निपटाई जाती हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित शिकायतें समाज कल्याण विभाग को निपटान के लिए दे दी जाती हैं। पीपीपी से संबंधित समस्याओं का हल क्रीड द्वारा होता हैं। इसी प्रकार सभी शिकायतें संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए सौंप दी जाती है। समाधान शिविर में दिव्यांगता, विधवा, विदुर व बुढ़ापा पैंशन, परिवार पहचान पत्र दुरूस्त करवाने, पानी निकासी, घरेलु हिंसा, इंतकाल आदि से सम्बन्धित शिकायतें समाधान के लिए रखी गई। इन सभी शिकायतों पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉण हरीश वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी समस्याओं को त्वरित समाधान कर उसकी रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।


जींद। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते एडीसी।

### समाधान शिविर में पहुंची 79 समस्याएं

बुधवार को समाधान शिविर में कुल 79 समस्याएं समाधान के लिए आई। समाधान शिविर में गावं लखमीरवाला से समस्त ग्रामवासी अतिरिक्त उपायुक्त के पास अपनी समस्या लेकर आएए जिसमें उन्होंने बताया कि उनके गांव में पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई गई। पाइप लाइन बिछाने के दौरान ठेकेदार द्वारा गलियों को उखाड़ा गया और पाइप लाइन बिछने के बाद ठेकेदार द्वारा उन गलियों को उबड़ खाबड़ ही छोड़ दिया गया जिसमें बुजुर्ग और बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मामले की गम्भीरता से जांच करें और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। इसी प्रकार गांव भम्भेवा से रोशनी ने बताया कि वह राशन कार्ड बनवाने के लिए कई महीनों से दफ्तरों के चक्कर काट रही है और उसकी फैमिली आईडी में आय भी ज्यादा है। गांव बराह कलां के विनित अपने परिवार पहचान पत्र को दुरुस्त करवाने आए थे। आशा रानी जो कि जींद निवासी है बुढापा पैंशन बनवाने, गांव खरकरामजी की संजीता आर्थिक सहायता के लिए, गांव घिमाना से राजकली मजदूरी की कॉपी बनवानेए गांव अमरहेड़ी से मोहम्मद असद जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अपनी समस्या लेकर समाधान शिविर में आए। जिन पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने कार्यवाही कर निदान करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद किरण सिंहए एसडीएम राकेश सैनीए डीआरओ राजकुमारए डीडीपीओ संदीप भारद्वाजए डीएसपी रोहताश ढुल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### 37 शिकायतों में से 22 परिवार पहचान पत्र से संबंधित मिली



**नरवाना।** बुधवार को उपमंडल के लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम अनिल कुमार दून ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। एसडीएम दून ने बताया कि बुधवार को आयोजित इस समाधान शिविर में कुल 37 शिकायते प्राप्त हुई है। जिनमें से प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों के समाधान के लिए दो आवेदन, बिजली आपूर्ति व पेयजल आपूर्ति से संबंधित चार आवेदन, बुढ़ापा पेंशन से संबंधित तीन आवेदन प्राप्त हुए हैं इसी प्रकार परिवार पहचान पत्र से संबंधित सबसे ज्यादा 22 शिकायतें प्राप्त हुई।

---

# वरिष्ठ नागरिकों ने किया मित्र स्तंभ का दौरा


जींद। मित्र सतंभ का अवलोकन करते वरिष्ठ फोरम के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

- नागरिकों ने इंडस स्कूल स्टाफ व बच्चों के साथ मिल किया पौधरोपण
- मित्र स्तंभ, कला, इतिहास, प्राचीन संस्कृति, विज्ञान, अध्यात्म, कुर्बानियों व ऐतिहासिक तथ्यों का अदभुत संगम : सुभाष श्योराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस कॉलेज व स्कूल संस्थान मित्र सैन कन्या उच्चतर विद्यालय नारनौंद रोड, गांव खांडा खेड़ी, भिवानी रोड जींद में सुबह 10 बजे फोरम के सदस्यों द्वारा संस्था के छात्रों के साथ पौधरोपण व वृक्षारोपण गया। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा सभी सदस्यों तिलक लगाकर व पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। बच्चों के साथ मिल कर सदस्यों ने विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण, वृक्षारोपण किया। इंडस समूह संस्थान के निदेशक सुभाष श्योराण ने सभी सदस्यों का स्वागत व वहां पहुंचने का आभार प्रकट किया। उन्होंने संस्थान के संस्थापक चौधरी मित्र सैन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संक्षेप में हरियाणा व अन्य प्रदेशों में ग्रुप के संस्थान द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं के बारे बताया। ततपश्चात संस्था में स्थापित मित्र स्तंभ के बारे में बताया। इस के आठ तल हैं। हर तल भारत की गौरवशाली संस्कृति, एतिहासिक गौरव, अमूल्य कला, वैदिक धरोहर, अध्यात्मिक सृजन, वैज्ञानिक उपलब्धियों, स्वतंत्रता सेनानियों, ऋषियों, मुनियों, शहीदों की कुर्बानियों, विभिन्न धर्मों, ब्रह्मांड की उत्पत्ति इत्यादि को सुंदर कलाकृतियों द्वारा दर्शाया गया है। दूसरे तल पर हरियाणा राज्य की संस्कृति को सुंदर व संजीदगी से दर्शाया गया है। प्रधान अविनाश चावला ने बच्चों को आज के परिपेक्ष में वन महोत्सव के महत्व के बारे में अवगत करवाया। बच्चों को एक पौधा मां के नाम थीम को मध्यनजर रख पौधों को लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी सदस्यों ने मित्र स्तंभ को देखा। निसंदेह स्तम्भ, कला, इतिहास, प्राचीन संस्कृति, विज्ञान, अध्यात्म, कुर्बानियों व ऐतिहासिक तथ्यों का अदभुत संगम है। इस से भी बढ़ कर चित्रों व प्रतिमाओं के साथ संक्षेप में दर्शाया गया विवरण ज्ञानवर्धक है। अतः भारत मित्र स्तंभ परिवार सहित देखने योग्य है। अविनाश चावला, चमनलाल ग्रोवर, सुभाष पाहवा, पीसी जैन, कमांडर रमाकांत, वासदेव आहूजा, जोगिंदर सिंह पाहवा, देशराज मौजूद रहे।

---

# पीपीपी के ऑटो मोड से बनी 14117 बुजुर्गों की पेंशन: डीसी

- जिले में एक लाख 28,132 बुजुर्गों को दी जा रही बुढ़ापा पेंशन : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सरकार द्वारा लागू किए गए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जींद जिला में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत 14117 बुजुर्गों की घर बैठे बिठाए स्वतः ही सामाजिक सुरक्षा पैंशन बनी है। नागरिकों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का अब धरातल पर असर दिखने लगा है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना को परिवार पहचान पत्र से जोडने के बाद अब बुजुर्गों को काफी राहत मिली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में जब से सरकार की यह फ्लैगशिप योजना शुरू हुई है, तब से आयु व आय के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले बुजुर्गों की परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अब वृद्धावस्था सम्मान पेंशन ऑटो मोड में बन रही है। अब किसी भी बुजुर्ग को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता लेने के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं है। जिला जींद में 14117 पात्र बुजुर्गों की पेंशन पीपीपी के माध्यम से बन चुकी है। वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला जींद के एक लाख 28 हजार 132 बुजुर्गों को प्रत्येक माह तीन हजार रुपये की राशि वृद्धावस्था सम्मान पेंशन के रूप में उनके खाते में भेजी जा रही हैं। जिला में 15,144 दिव्यांगों को, 56138 विधवा महिलाओं को, 16993 निराश्ररित बच्चों को, 682 मंदबुद्धि बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है और स्कूल नहीं जाते है उनको राज्य सरकार द्वारा पैंशन दी जा रही है।

# जनता मांगे हिसाब पदयात्रा २० से होगी शुरुः महाबीर

- व्यापारियों से रोहतक सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ट नेता महाबीर कंप्यूटर ने बताया कि जींद में हरियाणा सरकार से जनता मांगे हिसाब पदयात्रा 20 जुलाई सायं तीन बजे डीआरडीए मार्केट गोहाना रोड से शुरूआत होगी। इस पदयात्रा का शुभारंभ रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा करेंगे। पदयात्रा बस स्टैंड मार्केट व गोहाना रोड से होते रानी तालाब, सिटी थाना, पालिका बाजार, टाउन हाल, बैंक रोड होते रामराये गेट चैक पर समाप्त होगी। पदयात्रा के दौरान व्यापारियों से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा रूबरू होंगे। पदयात्रा से कार्यकर्ताओं तथा वरिष्ठ नेताओं में काफी उत्साह है और सब यात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। शहर के दुकानदार इस यात्रा में भाग लेंगे। जहां से भी यह यात्रा गुजरेगी जगह-जगह दुकानदारों से मिलकर सांसद दीपेंद्र हुड्डा उनकी समस्याएं सुनेंगें। महाबीर ने कहा कि प्रदेश की जनता सरकार के 10 साल के शासन का हिसाब मांग रही है। युवाओं को कितने रोजगार दिए और प्रदेश में कितना विकास कराया तथा कृषि क्षेत्र के लिए कितनी राहत दी, चिकित्सा क्षेत्र के लिए कितने साधन उपलब्ध कराए, कानून व्यवस्था जो काफी समय से ठप पड़ी है है, इसमें व्यापारियों और आम जनता में भय का माहौल है, उसके लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। शिक्षा क्षेत्र में कितने कॉलेज और विश्वविद्यालय बनाए गए हैं और बिजली क्षेत्र में समस्याओं के निदान के लिए कितने साधन जुटाए गए हैं। महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 साल के शासनकाल में किए गए ऐतिहासिक कार्य तथा युवाओं को रोजगार देने के लिए, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद कर रही है तथा गरीब वर्ग को 100-100 गज को मुफ्त प्लाट देने तथा गरीबों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्य प्रत्येक व्यक्ति की जुबान पर है लेकिन भाजपा की गूंगी.बहरी सरकार से प्रदेश के लोग सडकों पर आंदोलन कर रहे हैं।


जींद। व्यापारियों से बातचीत करते महाबीर कंप्यूटर। फोटो :हरिभूमि

---


देवेंद्र अत्री से मिलते उचाना ब्लॉक के विभिन्न गांव के सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि।

### सरपंचों की पॉवर बढ़ाने पर जताया सीएम का आभार

**उचाना।** सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा बढ़ाई गई गांव के विकास को लेकर सरपंचों की पॉवर का भाजपा नेता देवेंद्र अत्री से मिलकर आभार प्रकट करने के साथ उचाना ब्लॉक के 20 गांवों के सरपंच, सरपंच प्रतिनिधियों ने गांव संबंधित मांगों को सीएम के माध्यम से पूरी करवाने की मांग भी की। सरपंचों ने कहा कि पहले 5 लाख रुपए तक के ही विकास कार्य बिना ई-टेंडर से करवाए जा सकते थे। 5 लाख में गांव में विकास कार्य नहीं हो सकते थे। काफी महीनों से सरपंच बिना ई-टेंडर पॉवर बढ़ाने की मांग कर रहे थे। ये पॉवर सीएम नायब सिंह सैनी ने बढ़ाते हुए 21 लाख की है जिससे गांव में काफी हद तक काम सरपंच अपने स्तर पर जल्दी करवा सकेंगे। टेंडर प्रक्रिया लंबी होती है जिसमें समय लग जाता है। कई काम ऐसे होते है जो बिना देरी के करने होते है। गांव के विकास को लेकर अन्य मांगों को लेकर भी सीएम के माध्यम से मांगे मंजूर करवाने की मांग भी भाजपा नेता से की। देवेंद्र अत्री ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तहत काम कर रही है। सरपंचों की पॉवर बढने से निरंतर गांव के विकास में तेजी होगी।

# दूषित पानी की निकासी न होने से लोग दुःखी

हरिभूमि न्यूज. उचाना

दोपहर को हुई बारिश के बाद हाइवे पर सर्विस रोड पर पानी भरने से उपमंडल कार्यालय, नगारिक अस्पताल, बस स्टैंड, पुलिस थाना की तरफ जाने वाले वाहन चालकों, राहगीरों को परेशानी हुई। सर्विस रोड पर भरा पानी वाहनों के आवागमन के चलते दुकानों के अंदर तक जा रहा था। दुकानदारों ने कहा कि हर बार बारिश के बाद ऐसा होता है। सर्विस रोड पर पानी भरने से ग्राहक भी दुकानों में नहीं आते है। बारिश के दिन तो दुकानदारों को पूरे दिन ग्राहकों के आने का इंतजार करना पड़ता है। पानी की निकासी को लेकर जो नाला बनाया गया है उससे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। सतबीर, जगबीर, राजेंद्र, बलवान ने कहा कि बारिश के बाद कई-कई घंटे सर्विस रोड पर पानी भरने से राहगीरों, वाहन चालकों के साथ-साथ दुकानदारों को परेशानी होती है। कई बार वो मांग कर चुके है कि जो नाला बनाया गया है पानी की निकासी के लिए उससे पानी की निकासी का पुख्ता प्रबंध किया जाए। एसडीएम गुलजार ने कहा कि एनएचएआई या जिस भी विभाग की जिम्मेदारी पानी निकासी की है उससे बातचीत करके इस समस्या का स्थाई समाधान करवाया जाएगा।


उचाना। सर्विस रोड पर भरे पानी से गुजरते वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आधारशिला स्कूल में लोकनृत्य कार्यशाला प्रारंभ

**जींद।** हरियाणा कला परिषद के तत्वावधान में आधारशिला पब्लिक स्कूल में 17 जुलाई से पांच अगस्त तक लोकनृत्य कार्यशाला का आयोजन रहेगा। इसमें विद्यार्थियों को लोकनृत्य विधा की बारिकियों से अवगत करवाया जाएगा। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अतुल शर्मा व सहायक प्रशिक्षक के तौर पर राजकुमार रहेंगे। (कार्यशाला में सहायक संगीतकार अंकुश कुमार (हरमोनियम वादक), राहुल (ढोलक वादक) एवं राहुल (नगाड़ा वादक) के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का आयोजन दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। मंच संचालक के रूप में पूनम ने अपनी भूमिका निभाई। निदेशिका अंजू सिहाग ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन व कला एक दूसरे के पूरक हैं। हम सबके अंदर एक कलाकार निहित है। बस हमें पहचानना होता है कि हम कला की कौन सी विधा को अच्छे से निभा सकते हैं। हरियाणा कला परिषद का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी छात्रों व आयोजकों को कार्यशाला के सफल संचालन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी।

---

### डीसी ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

# पर्याप्त बिजली और पानी निकासी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज. जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को हैबतपुर स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का सम्बंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी तालमेल कर इस निर्माण कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अगस्त माह के पहले सप्ताह तक यहां पीने के पानीए पर्याप्त बिजलीए गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था करें। डीसी ने निर्माणाधीन स्थलों का मौका मुआयना किया। उन्होंने कहा कि 900 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला एवं 24 एकड में फैला यह राजकीय मेडिकल कॉलेज जिले की सबसे बडी परियोजना है। यह परियोजना जल्द ही पूरी होना सम्भावित है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए कम जगह में बेहतर तकनीक का प्रयोग करके बहुमंजिला भवन बनाए जा रहे हैं। कॉलेज में लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग हॉस्टल भवन बनाएं जा रहे है। यह मैडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से आधुनिक तकनीकों से युक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनने से जींद ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के लोगों को भी स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं का बेहतर तरीके से लाभ मिलेगा। इस परियोजना के बन जाने से लोगों को इलाज के लिए हिसार, रोहतक, चंडीगढ़ व अन्य जगहों पर जाने की जरूरत नहीं रहेगी।


जींद। अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

**मेडिकल कालेज में बनेंगे 12 बड़े ब्लाक:** मेडिकल कॉलेज में 12 बड़े ब्लॉक बनाए जाने हैं। इनमें 84173 वर्ग गज के भूगृह में शिक्षण खंड, 28229 वर्गगज में शैक्षणिक खंड, ब्लाक अस्पताल, 269 वर्ग गज में पुलिस स्टेशन, 100 वर्ग गज में कचरा प्रबंधन भवन, बिजलीघर, 7382-7382 अलग-अलग वर्गगज में लडके व लड़कियों का हॉस्टल, नर्सिंग हॉस्टल, 6168 वर्गगज में जूनियर और सीनियर चिकित्सकों के लिए हॉस्टल, 382 वर्गगज में निदेशक आवास, 102 वर्ग गज में सब स्टेशन, गेस्ट हाउस, 650 बेड का अस्पताल, पैथ लैब के लिए इमारत, ब्लड बैंक, ओपीडी भवन, रेडियोग्राफी ब्लॉक जैसे भवन शामिल हैं।


जींद। सोसायटी के सदस्य द्वारा बांटे गए पौधों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### गांव कंडेला में सोसायटी ने किया पौधरोपण

**जींद।** गांव कंडेला में गोड कोज स्माइल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक समिति मेंबर गीता शर्मा ने की। गीता शर्मा ने कहा कि हम एक पेड़ मां के नाम अभियान एक सप्ताह तक चलाएंगे। उनकी सोसाइटी अपने ही गांव वह आसपास के गांव में लगभग 10 हजार पेड़ लगाएगी। गांव में उन्होंने पेड़ लगाए और और बच्चों को पौधे बांटे गए और महिलाओं और बच्चों ने पौधों की देखभाल की जिम्मेवारी ली। पौधे को पेड़ बढ़ाने तक की जरूरत है। कई किस्म के पौधे लगाए गए हैं। कोषाध्यक्ष रणवीर, संजय, अनिल, अनीता शर्मा, बबली शर्मा, विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### यूपी की तर्ज पर पत्रकारों को लाभ देने की मांग

**कैथल।** हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट ने राज्य सरकार से उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा के पत्रकारों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ देने की मांग की है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया और यूनियन के राष्ट्रीय नेता सोम नाथ शर्मा के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मांगों का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपा और मांग की कि जल्द से जल्द यूनियन की लंबित मांगों को पूरा किया जाए।

### स्वरोजगार के लिए दिया जा रहा ऋण : जगजीत

**कैथल।** हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक जगजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिये मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। जिसके तहत बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिला विकास निगम के माध्यम से चलाई जा रही है और इस योजना के तहत जिला कैथल के लिए वित वर्ष 2024-25 में 40 केसों का लक्ष्य रखा गया है।

### 75% अनुदान पर दिए जा रहे सोलर वाटर पंप : श्रद्धा

**कैथल।** एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसूम) के तहत नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा विभाग, हरियाणा, पंचकुला द्वारा 25 जुलाई तक 3 एचपी सरफेस (मोनोब्लोक), 7.5 एचपी (सबमर्सिबल) व 10 एचपी (सबमर्सिबल) क्षमता के सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुराने सभी आवेदकों को (20 फरवरी 2024 से 5 मार्च 2024 तक के आवेदकों को छोड़कर) जिन्होंने अपना लाभार्थी हिस्सा नहीं जमा करवाया है ।

### बस स्टैंड के पास से बाइक चोरी

**कैथल।** कैथल के बस स्टैंड के निकट से कर एक बाइक चुरा कर ले गए। सुभाष नगर कैथल के विक्रम ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को चोर बस स्टैंड के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल प्रभात ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में अर्जुन नगर कैथल के सत्यवान ने शहर पुलिस को शिकायत दी है।

### दो महिलाएं बिना बताए घर से लापता, केस दर्ज

**कैथल।** सदर पुलिस स्टेशन एक विवाहिता का अपने दो बच्चों के साथ बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया है। गांव छौत के एक व्यक्ति ने सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 जुलाई को उसके भाई की पत्नी उसके दो बच्चों के साथ बिना बताए घर से चली गई। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जयपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाड़ी पर डीजे लगाए जाने पर किया जाएगा चालान

# प्रशासन का फरमान, कावड़ यात्रा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध

#### डीएसपी उमेद सिंह और सिटी थाना प्रभारी ने पार्षदों और डीजे संचालकों की मीटिंग ली


**कैथल।** पार्षदों और डीजे संचालकों की बैठक लेते डीएसपी उमेद सिंह।


**कैथल।** डीजे बंद किए जाने का विरोध करते पार्षद व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिले की सड़कों पर अगले कुछ दिन बाद कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी लेकिन उसके पहले ही पुलिस प्रशासन ने कांवड़ यात्रा में डी.जे पर हुड़दंग को बंद करने की कवायद शुरू कर दी है। इस बार कावड़ियों को बिना डीजे के ही जाना पड़ेगा। इसको लेकर डी.एस.पी उमेद सिंह और सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बीर सिंह ने मंगलवार शाम को सिटी थाना में पार्षदों और डीजे संचालकों की मीटिंग ली है। पार्षदों से निवेदन किया गया है कि वे वार्ड के लोगों को समझाएं कि वाहनों पर डीजे लगाकर कांवड़ लेने के लिए न जाएं। डी.जे संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कांवड़ियों के लिए डी.जे न दें। अगर ऐसा करेंगे तो पुलिस की तरफ से चालान किया जाएगा। डी.एस.पी उमेद सिंह ने संचालकों को बताया गया कि सावन महीने में भारी संख्या में वाहनों पर बड़े-बड़े डी.जे लगा दिए जाते हैं। इससे ध्वनि प्रदूषण फैलता है और हादसे होने का खतरा भी बढ़ जाता है। डी.जे की आवाज में पीछे से आने वाले वाहनों की जानकारी नहीं मिलती और अलसर हादसे हो जाते हैं। इसलिए अबकी बार बिना डी.जे के ही कांवड़ आए। इस मीटिंग में थाना शहर एस.एच.ओ इंस्पेक्टर बीर सिंह व कैथल के नगर पार्षद और डी.जे संचालक मौजूद रहे।

#### एसएचओ को दिए निर्देश

डी.एस.पी मुख्यालय उमेद सिंह ने बताया कि जिन रूटों से कांवड़ यात्रा को गुजरना है, उस क्षेत्र के एस.एच.ओ सिटी को निर्देश दिए गए हैं कि वह हर हाल में अपने स्तर पर उन रूटों की चेकिंग करें और जहां भी डी.जे बजता मिले तो उसपर तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि इस मामले में बिल्कुल भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### डीजे संचालकों ने पुलिस के फैसले का किया विरोध

वहीं डीएसपी के साथ मीटिंग खत्म होते ही बहार जाकर डीजे संचालकों ने पुलिस के इस फैसले का विरोध किया और कहा कि प्रशासन का यह फैसला ठीक नहीं है। उन्होंने पहले ही डी.जे की बुकिंग कर ली हैं। पिछले चार महीने से काम भी नहीं चल रहा है। ऐसे में अगर कांवड़ियों को डी.जे नहीं बजाने दिया गया तो उनका परिवार पालना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनको डी.जे की आवाज को कम रख कर डी.जे लगाने की अनुमति दी जाए। डी.जे को पूरी तरह से बंद करना ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि शहर में 80 से अधिक डीजे संचालक है सभी ने 20 से 25 हजार रुपयों में एडवांस बुकिंग की हुई है, यदि इसकी अनुमति नहीं दी गई तो उन्हें लाखों रुपयों का नुकसान होगा।

#### चालान के साथ वाहन जब्त होगा

डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह ने बताया कि उन्हें उच्च अधिकारियों की तरफ से निर्देश मिलें हैं कि इस बार कांवड़ लाते समय वाहनों पर डीजे नहीं लगने दिए जाए। उन्सहोंने इस बारे में आज डी.जे संचालकों को और पार्षदों की मीटिंग ली गई थी। जिसमे डी.जे संचालकों को इसके बारे में बताया गया है। अगर इसके बाद भी वाहनों पर डी.जे लगाए मिले तो उस डी.जे संचालक की गाडी का चालान कर उसके वाहन को जब्त किया जाएगा।

## एनआईआईएलएम विवि में डीएसपी ने किया पौधरोपण


**कैथल।** डीएसपी उमेद सिंह व अन्य पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत समस्त जिले में दस हजार पेड़-पौधे लगाने के अभियान कि जो शुरूआत जिला कैथल के कोर्ट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करके की गई थी उसी कड़ी को आगे बढाते हुए एनआईआईएलएम विवि के प्रांगन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में एस डी एम श्री ब्रह्म प्रकाश,वशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला पुलिस उप निरीक्षक उमेद सिंह लोहान, अति वशिष्ठ तिथि के रूप में एक्साइज कमिश्नर विपिन बेनीवाल ने शिरकत की। विवि में पहुंचने पर कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद ने कहा कि विवि का लक्ष्य कैथल जिले में दस हजार पेड़ पौधे लगाने का है जिसकी शुरूआत कैथल के जिला कोर्ट से हो चुकी है और आज इसी कड़ी में विवि प्रांगण में विवि के हर कर्मचारी द्वारा एक पौधा लगाया गया है जिसकी देखभाल वह खुद स्वयं करेगा।इस अवसर पर विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल, कुल सचिव डॉ राजीव दहिया, निदेशक डॉक्टर बलराज डांडा, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर आरके गुप्ता,डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉक्टर रेखा गुप्ता, डॉक्टर मनोज कुमार एव सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### हुड्डा की लोकप्रियता से भाजपा विचलितः जेपी

**कलायत।** हिसार से कांग्रेस सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने प्रदेश भर में हिसाब मांगें जनता की जिम्मेवारी रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा को सौंपी है। इस कड़ी में कलायत विधानसभा से विकास सहारण हरिपुरा गांव से अभियान की शुरूआत करेंगे। एक माह तक चलने वाले अभियान के जरिये कांग्रेस की जनहित और भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जन-जन को रूबरू करवाया जाएगा। जेपी बुधवार को कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से रूबरू थे। इससे पहले उन्होंने जनता मांगें हिसाब अभियान को लेकर कार्यकर्ता को निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की लोकप्रियता से बेहद विचलित है। यही वजह है कि हुड्डा सरकार के शासन काल से जुड़े जिन मामलों में न्यायालय फैसले दे चुकी हैं उन्हें भाजपा द्वारा राजनैतिक लाभ के लिए तोड़ मरोड़ कर जनता के सामने पेश किया जा रहा है। जबकि हकीकत किसी से छिपी नहीं है। जयप्रकाश जेपी ने कहा कि यदि भाजपा संविधान में आस्था रखती है तो कानून अनुसार कौशल और इस प्रकार की दूसरी नौकरियों में अनुसूचित वर्ग व पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान करे। क्योंकि इन नौकरियों के नाम पर एससी और बीसी वर्ग से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### अंकुर निर्मल बनाए भाजयुमो के विशेष आमंत्रित सदस्य



**कलायत।** हरियाणा विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर निर्मल को भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य की जिम्मेवारी मिली है। इसके लिए अंकुर निर्मल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई और पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा निरंतर जमीन से जुड़े कार्यकताओं को सम्मान देने की रिवायत है। इस जिम्मेवारी का वे निष्ठा से निर्वहन करेंगे। कार्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए सभी वर्गों में भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। 2024 हरियाणा विधानसभा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का साफ संकेत प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दे दिया है।

## पूर्व सैनिकों ने सीटीएम को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के पूर्व सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी की अध्यक्षता में श्री गुरविंदर सिंह एच सी एस नगरधीश कैथल से उनके कार्यालय में मिला और मिलने के बाद, हुड्डा सेक्टर 19 ए में जो जमीन गोल्डन लाइंस सी एस डी कैंटीन के लिए काफी लंबे समय से चिन्हित पड़ी हुई है उसके बारे बातचीत हुई और विचार विमर्श करने के बाद मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार चण्डीगढ़ के नाम एक मांग पत्र सौंप कर। उस जमीन पर सी एस डी कैंटीन एवं सभागार बनवाने की मांग रखी गई एसोसिएशन प्रधान ने बताया कि, ये मांग एसोसिएशन काफी लंबे समय से उठा रही है इसके लिए श्री नवीन जिंदल सांसद कुरुक्षेत्र से भी मुलाकात की थी इस बारे उनका भी बहुत बढ़िया रिस्पॉन्स रहा इस एवेज में यह मांग पत्र माननीय उपयुक्त है महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार चण्डीगढ़ को भेजा गया है बातचीत के दौरान सी टी एम साहब का बहुत ही बढ़िया रिस्पॉन्स रहा। एसो प्रधान के साथ रिसालदार कर्मवीर सिंह भाल,रिसालदार उदय सिंह पाईं, हवलदर आदि मौजूद रहे।

## सावधान! कहीं आप भी न हो जाएं क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़वाने के नाम पर ठगी का शिकार

- पुलिस की एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



एसपी उपासना

साइबर ठग लोगों को क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़वाने के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। ये जालसाज लोगों को कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर लोगों से क्रेडिट कार्ड के डिटेल हासिल कर लेते हैं और उनसे लाखों रुपये ठग लेते हैं। इस बारे एडवाइजरी जारी करते हुए एसपी उपासना ने कहा कि आजकल साइबर अपराध काफी बढ़ गया है, जो सतर्क रहकर ही इससे बचा जा सकता है। एसपी ने कहा कि साइबर ठग लोगों को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के लिए एसएमएस भेजते हैं। इसमें एक लिंक होता है। इस पर क्लिक करने पर आप वेबपेज पर चले जाएंगे। यहां लोगों से ईमेल, डेबिट-क्रेडिट कार्ड नंबर से संबंधित जानकारी देनी होती है। ऐसा करते ही ठगों को बैंक संबंधी जानकारी मिल जाती है और पूरा का पूरा खाता साफ हो जाता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार ये लोग ओटीपी ईमेल हैक कर पता कर लेते हैं। ध्यान रखें कभी भी कोई बैंक अधिकारी या बैंक आप से एसएमएस और ई-मेल भेजकर आपसे आपके बैंक खाते की कोई जानकारी नहीं मांगता है। हमेशा ऐसे एसएमएस या ई-मेल से बचकर रहें। किसी को भी अपने क्रेडिट कार्ड की डिटेल न दें। ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) शेयर न करें। फ्रॉड होने पर इसकी रिपोर्ट तुरंत पुलिस को दें। बैंक को भी इसकी जानकारी दें। अलग-अलग जगहों पर अपने पासवर्ड अलग-अलग रखें। नियमित रूप से अपने पासवर्ड बदलें। इसके लिए स्पेशल कैरेक्टर, नंबर और अक्षर का इस्तेमाल करें। क्रेडिट कार्ड लिमिट बढाने जैसे लुभावने मैसेज आने पर इसकी जानकारी के लिए बैंक से संपर्क करें।

## बरसात ने लोगों को दिलाई गर्मी से राहत

- जिले में हुई औसतन 15 .5 एमएम बरसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** कैथल में चल रही बरसात। फोटो :हरिभूमि

बुधवार को हुई बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाने का काम किया है। इससे जहां किसानों के चेहरे खिल उठे तो वहीं पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे लोगों को भी राहत मिली। जिले में औसतन 15.5 एम.एम बारिश हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा बारिश सीवन एरिया में 42 एम.एम हुई। उसके बाद गुहला चीका में 38 एम.एम बारिश हुई। ढांड क्षेत्र में बारिश नहीं हुई। जिले भर में बारिश होने से सूख रही धान की फसलों को फायदा मिला, जिससे धान उत्पादक किसानों में खुशी नजर आई। हालांकि आसमान में अभी भी बादल छाए हुए है, जिससे बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार मानसून फिर से सक्रिय होने लगा है, जिससे अगले कुछ दिनों में भी बारिश होने की संभावना रहेगी। बता दें कि बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

#### तीन दिन तक बारिश के आसार

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्यवक डॉ. रमेश वर्मा ने बताया कि आगामी तीन दिनों तक बारिश होने की संभावना है। 18 व 19 को अच्छी बारिश हो सकती है। गरज चमक के साथ बारिश होगी। वह किसानों अपनी फसलों की देखभाल रखें। फसलों में अगर हल्की सी भी बीमारी दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टरों की सलाह लें।

#### निचली कॉलोनियों में पानी जमा

वहीं बारिश से निचली कॉलोनियों व सडकों के किनारे बारिश का कुछ समय तक पानी जमा हो गया था, लेकिन ज्यादा समय से बारिश नहीं होने के कारण साथ की साथ जमीन ने पानी पी लिया। गांव की अधिकतर गलियों में कीचड़ जमा हो गया था। राहगीर रमन, सूरजभान, प्रताप, दलबीर, राजेंद्र, मनफूल ने बताया कि पानी निकासी के लिए बनाए गए नालों की सफाई नहीं हुई है। इस कारण भगत सिंह चौक, करनाल रोड, लघुसचिवालय के नजदीक, न्यू करनाल रोड, अंबाला रोड पर पानी निकासी नहीं होने के कारण काफी समय तक पानी जमा रहता है।

#### सीवन में 42 एमएम बरसात

जिले में 15.5 हुई औसतन बारिश मौसम विभाग के आंकड़ों अनुसार जिले में 15.5 एम.एम बारिश हुई है। गुहला में 38 एम.एम, कैथल में 1 एम.एम, कलायत 1 एम.एम, पूंडरी में 5 एम.एम, सीवन में 42 एम.एम व राजौंद में 6 एम.एम बारिश हुई है जबकि ढांड में कोई बारिश नहीं हुई।

## रोहेड़ा के राजकीय स्कूल में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


**राजौंद।** पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व मुख्य शिक्षक तथा अन्य।

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला रोहेड़ा में पौधारोपण अभियान चलाया गया। पौधा रोपण कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक इस जोगिंदर सिंह ने बताया कि इस अभियान में इको इंचार्ज रविंद्र कुमार सुदेश रानी सुनील कुमार शक्ति सिंह मुकेश कुमार व सभी बच्चों ने पर बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य शिक्षक जोगिंदर सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से बरसात के मौसम में भी बरसात नहीं हो रही है तो हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल भी करनी चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलन कायम रह सके। छात्रों को घर आंगन में एक पौधा लगाकरदेखभाल करने का संकल्प दिलाया।

### समाधान शिविर में पहुंचे 25 फरियादी, 9 शिकायतों का मौके पर निपटान

## आमजन को मिल रही समस्याओं से निजातः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर काफी कारगर साबित हो रहे हैं। सरकार व प्रशासन का ध्येय है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। समाधान शिविर के माध्यम से आमजन को इन योजनाओं का लाभ लेने में आ रही दिक्कतों से निजात दिलाई जा रही है और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

डीसी प्रशांत पंवार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में एसपी उपासना, डीएमसी सुशील कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंवर धमन व जिला राजस्व अधिकारी चंद्रमोहन के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। बुधवार को आयोजित हुए शिविर में 25 शिकायतें दर्ज हुईए, जिनमें से 9 का मौके पर निपटान किया गया और अन्य को संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए।

डीसी प्रशांत पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने की कोशिश करे, जिन शिकायतों का मौके पर निपटान संभव नहीं है, उन्हें जांच के बाद निर्धारित समय अवधि में समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिक संबंधित शिकायत के पूरे दस्तावेज लेकर आए, ताकि समस्या का समाधान जल्द किया जा सके। गांव सेगा के लोगों ने अपनी शिकायत में सरकारी स्कूल में टीचर की कमी को पूरा करने की गुहान लगाई। जिस पर डीसी प्रशांत पंवार ने डीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कौल निवासी जसमेर, राजौंद निवासी गीता देवी, धनौरी निवासी वेदप्रकाश, गांव सेगा निवासी बलराज अपने परिवार पहचान पत्र में अपनी आय कम करवाने के लिए समाधान शिविर में आए और शपथ पत्र देकर आय करने की प्रार्थना की। वहीं गांव डीग निवासी बीरभान विधुर पेंशन बनवाने के लिए आया, जहां संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनका नाम मुख्यालय से आ चुका है, जल्द ही योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

## डीएवी कालेज में वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया



**पूंडरी ।** डीएवी कालेज में पौधरोपण करते प्रिंसिपल डा. सुभाष व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व इको क्लब द्वारा वन-महोत्सव सप्ताह के दौरान एक पेड़ मां के नाम विषय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ सुभाष ने कॉलेज प्रागंण में पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्वयं-सेवकों को वृक्षारोपण का महत्व बताते कहा कि जलवायु परिवर्तन के विरूद्व एक उपाय के रूप में हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। यह पेड़ हमें अपनी मां व धरती मां को समर्पित कर इसकी देखभाल करनी चाहिए। डॉ. राजेश तुरान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरण प्रदषूण को लेकर चिंतित है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर स्वच्छ पर्यावरण में हमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम अधिकारी डा. वैभव दत्त शर्मा ने बताया कि कॉलेज प्रांगण में गुलमोहर, जखरन्डा, पिलखन, अमलतास, नीम आदि पौधे लगाए गये और विद्यार्थियों को वितरित किए गए।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जींद।**

**मैं, जरनैल सिंह पुत्र श्री हरबंस सिंह निवासी मकान नंबर 690/6, पटेल नगर तहसील व जिला जींद**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि (प्रार्थी) जरनैल सिंह पुत्र श्री हरबंस सिंह निवासी मकान नंबर 690/6, पटेल नगर तहसील व जिला जींद ने एक शपथपत्र देकर बताया है कि प्रार्थी के सगे भाई जरनैल सिंह पुत्र श्री हरबंस सिंह निवासी मकान नंबर 690/6, पटेल नगर तहसील व जिला जींद का निवासी हूं। मेरे सगे भाई सुरजीत सिंह का स्वर्गवास दिनांक 01/12/2018 को हो चुका है। मेरा सगा भाई सुरजीत सिंह मृत्यु के समय तक अविवाहित था व मेरे सगे भाई ने ना ही कोई संतान गोद ली हुई थी। मेरे पिता हरबंस सिंह व मेरी माता प्यार कौर का स्वर्गवास भी काफी वर्षों पहले हो चुका है। मेरी सगी बहन गुरमीत कौर का स्वर्गवास भी काफी वर्षों पहले हो चुका है। सुरजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय हरबंस सिंह के स्वर्गवास उपरांत उनके लीगल वारिसों के नाम इस प्रकार से हैं- 1-जरनैल सिंह, 2-गुरमीत सिंह, 3-अमरीक सिंह, 4-जसबीर सिंह पुत्रान, 5-दलजीत कौर पुत्री स्वर्गीय हरबंस सिंह पुत्र मुला सिंह हैं। इसके अलावा मेरे सगे भाई जसवंत सिंह का स्वर्गवास दिनांक 10/05/2013 को हो चुका है। जसवंत सिंह पुत्र स्वर्गीय हरबंस सिंह के स्वर्गवास उपरांत उनके लीगल वारिस इस प्रकार से है 1-बलविन्द्र कौर विधवा 2-दिलबाग सिंह पुत्र, 3-रूपिन्द्र पुत्री स्वर्गीय जसवंत सिंह पुत्र स्वर्गीय हरबंस सिंह हैं।

प्रार्थी ने अपने दोनों भाईयों व सगी बहन के स्वर्गवास उपरांत उनसे विरासत में मिले हिस्से को विक्रय पत्र / ट्रांसफरडीड पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। इसके अलावा सुरजीत सिंह व जसवंत सिंह का कोई लीगल वारिस / उतराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अंदर-अंदर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोकत तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16-07-24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-सब रजिस्ट्रार, जींद।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आज

**राजौंद।** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आज हनुमान वाटिका में होगी। इस बारे जानकारी देते हुए किसान मजदूर यूनियन के प्रेस प्रवक्ता सुभाष बड़सिकरी ने बताया की गुरुवार को 11 बजे हनुमान वाटिका में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में यूनियन के सभी सदस्य ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुंच कर अपनी अपनी बात रखें।

### चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** दुपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते हुए एक बाइक चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बिधराना निवासी विशाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पुरानी पेंशन के लिए करेंगे आक्रोश मार्च

**कैथल।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कैथल की एक महत्वपूर्ण मीटिंग सिंचाई विभाग में जिला प्रधान सुरेंद्र माजरा की अध्यक्षता में हुई । जिसमें साथियों ने 10 अगस्त को कैथल में एक बड़ा आक्रोश मार्च निकालने पर विचार किया । आक्रोश मार्च कैथल सचिवालय से शहीद स्मारक तक निकाला जाएगा । कैथल सचिवालय में सुबह 9:00 बजे साथी इकट्ठे होकर 10:00 बजे वहां से आक्रोश मार्च निकालेंगे।

### 14 सितंबर तक अपडेट करवाएं आधार कार्ड

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया की यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड 14 सितंबर तक अपडेट करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है।

### पूंडरी आईटीआई में जॉब मेले में 26 छात्र चयनित

**पूंडरी।** सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पूंडरी में पास आउट एवं फाइनल ईयर में पढ़ रहे छात्रों की प्लेसमेंट के लिए जॉब मेले का आयोजन करवाया गया। इस जॉब मेले में अंतरराष्ट्रीय कंपनी गेट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लालडू प्लांट से आए आशीष कुमार, डिप्टी मैनेजर एचआर, मोहित कुमार और प्रोडक्शन डिपार्टमेंट से आए दुपिंदर शर्मा ने बच्चों का साक्षात्कार लिया।

### जगमंदर बने प्रधान और राजेंद्र पंचाल उप प्रधान

**अलेवा।** हरियाणा प्राईमरी टीचर एसोसिएसन की एक बैठक नेहरू पार्क जींद में हुई। इस अवसर पर एसोसिएशन का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जगमंदर बैरागी को प्रधान, दिनेश भनवाला को महासचिव, राजकुमार मेंहदिया को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र पंचाल को उप प्रधान, पवन सैन को प्रेस प्रवक्ता, विक्रम मलिक व तसवीर श्योराण को वरिष्ठ उप प्रधान तथा राज सिंह रेढू को सहसचिव बनाया गया। नव नियुक्त प्रधान जगमंदर बैरागी ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि एसोसिएशन ने जो उनको जिम्मेदारी सौंपी है।

---

### महाविद्यालयों में विभिन्न संकायों में 40 प्रतिशत तक सीटें रिक्त

# कॉलेजों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग शुरू

- ओपन काउंसलिंग में भाग लेने के लिए छात्रों की उमड़ी भीड़
- पोर्टल पर फीस भर कर छात्र दाखिला सुनिश्चित करें : प्रो. सत्यवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर बुधवार को ओपन काउंसलिंग से दाखिला प्रक्रिया शुरू हुई। जिन छात्रों का नाम पहली दो मैरिट लिस्ट में नही आ पाया था, उन छात्रों ने बुधवार को ओपन दाखिला प्रक्रिया के लिए आवेदन किया। आवेदन करने को लेकर भारी संख्या में छात्रों की भीड़ उमड़ी। राजकीय महाविद्यालय में भी छात्रों की संख्या को देखते हुए पार्क में ही डैस्क लगा दिए गए। जिसमें प्राध्यापकों द्वारा छात्रों की ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया को पूरा करवाया गया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मैरिट लिस्ट को जारी कर दिया गया। जिसके तहत छात्र रात 12 बजे तक अपनी फीस ऑनलाइन भर कर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। राजकीय महाविद्याय में 743, राजकीय महिला महाविद्यालय में 435 तथा राजकीय महाविद्यालय सफीदों में 536 सीटें रिक्त हैं।




**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में ओपन काउंसलिंग दाखिला प्रक्रिया में भाग लेते हुए छात्र व राजकीय महाविद्यालय में ओपन काउंसलिंग दाखिला प्रक्रिया के तहत कागजातों की जांच करते हुए प्राध्यापक। फोटो :हरिभूमि

#### राजकीय महाविद्यालय में 743 सीटें खाली बची

गौरतलब है कि महाविद्यालयों में यूजी कोर्स को लेकर दो मैरिट लिस्ट जारी हो चुकी हैं। बावजूद इसके अब भी 40 प्रतिशत कई संकायों में रिक्त हैं। ऐसे में बुधवार से इन रिक्त सीटों पर ओपन काउंसलिंग से दाखिला प्रक्रिया शुरू हुई है। बुधवार को सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक फिजिकल काउंसिलिंग हुई। प्राध्यापकों ने कागजातों की जांच की और फिर मेरिट लिस्ट जारी की गई। जिन छात्रों का नाम मैरिट लिस्ट में आया वो छात्र रात 12 बजे तक का समय दाखिला फीस जमा करवा सकते हैं। इस समय राजकीय महाविद्यालय में 743 सीटें खाली बची हैं तो राजकीय महिला महाविद्यालय 435 सीटें रिक्त हैं।

#### फीस भर कर छात्र दाखिला सुनिश्चित करें : प्रो. सत्यवान

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि बुधवार को फिजिकल काउंसिलिंग में जिन छात्रों का नाम आया है वो रात को 12 बजे तक पोर्टल पर फीस भर कर अपना दाखिला सुनिश्चित करें। इसके बाद भी अगर रिक्त सीटें रहती हैं तो उन पर दाखिले के लिए 17 जुलाई शाम को फिर से पोर्टल ओपन होगा। ओपन काउंसलिंग के लिए प्राध्यापकों की डयूटी लगाई गई थी। इसके अलावा हैल्प डैस्क भी लगाया गया था ताकि छात्रों को परेशानी न हो।

#### ओपन काउंसलिंग मेरिट लिस्ट

बीए (मेजर इन इंग्लिश) बीए (मेजर इन इंग्लिश) संकाय के लिए 29 रिक्त सीटों पर चार छात्रों का नाम आया। जिसमें उच्चतम मैरिट लिस्ट 85 प्रतिशत तक गई जबकि सबसे कम 67.6 प्रतिशत रही।

**बीए (मेजर इन ज्योग्राफी):** बीए (मेजर इन ज्योग्राफी) में रिक्त 24 सीटों पर केवल दो छात्रों का नाम आया। जिसमें पहले स्थान पर 85.4 प्रतिशत तथा दूसरे स्थान पर 68.2 प्रतिशत मैरिट लिस्ट रही।

**बीएससी फिजिकल साइंस:** बीएससी फिजिकल साइंस प्रथम वर्ष के लिए 190 रिक्त सीटों पर पांच छात्र मैरिट लिस्ट में आए। इसमें पहले स्थान पर मैरिट लिस्ट 84.60, दूसरे स्थान पर 76.60, तीसरे स्थान पर 72.60, चौथे स्थान पर 71.40, पांचवें स्थान पर 59.40 प्रतिशत रही।

**बीसीए प्रथम वर्ष:** राजकीय महाविद्यालय में बीसीए प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए रिक्त 34 सीटों पर ओपन काउंसलिंग के माध्यम से कुल 19 छात्रों का नाम आया। जिसमें प्रथम स्थान पर मैरिट लिस्ट 81 प्रतिशत रही। जबकि 19वें स्थान पर 90 प्रतिशत रही।

**बीएससी लाइफ साइंस:** बीएससी लाइफ साइंस के लिए ओपन काउंसलिंग से रिक्त 89 सीटों के लिए कुल 13 छात्रों का नाम आया। प्रथम स्थान पर उच्चतम मैरिट लिस्ट 98.20 रही जबकि 13वें स्थान पर 60.20 प्रतिशत रही।

**बीकॉम प्रथम वर्ष:** राजकीय महाविद्यालय में बीकॉम प्रथम वर्ष के लिए 123 रिक्त सीटों पर छह छात्रों का नाम आया। जिसमें उच्चतम मैरिट लिस्ट 86.40 रही जबकि छठे स्थान पर मैरिट 58.50 रही। **बीबीए प्रथम वर्ष:** राजकीय महाविद्यालय में बीबीए प्रथम वर्ष के लिए रिक्त 20 सीटों पर केवल एक ही छात्रा का नाम ओपन काउंसलिंग मैरिट लिस्ट में आया। जोकि अधिकतम 75.4 प्रतिशत रही।



आरकेएसडी कालेज में ओपन काउंसलिंग में पहुंचे विद्यार्थी

# कैथल: कालेज में शुरू हुई ओपन काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


उच्चतर शिक्षा विभाग ने बुधवार जिलेभर के कॉलेजों में ओपन काउंसलिंग के तहत मेरिट सूची जारी की। इस मेरिट सूची के आधार पर कॉलेज में मौके पर पहुंचे विद्यार्थियों को दाखिला दिया गया था। इसी कड़ी में आरकेएसडी कॉलेज में सुबह से विद्यार्थियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। इस दौरान सुबह से ही भारी संख्या में विद्यार्थी अपने फार्म जमा करवाने व ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आने लगे थे। प्रथम व द्वितीय मेरिट सूची में रह गए विद्यार्थी तथा पोर्टल पर आवेदन कर आरकेएसडी कॉलेज का विकल्प चुनने वाले विद्यार्थी ओपन काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र बने। विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए डेस्क पर तैनात कर्मचारियों ने उनके फार्म लिए तथा उन्हें मेरिट सूची में अपना नाम देखने के लिए वीरवार को फिर से कॉलेज में पहुंचेंगे। इसके साथ ही प्रवेश फार्म एकत्र करने तथा उनकी श्रेणियों के अनुसार मेरिट सूची प्रदर्शित करने के संबंध में यह ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया दैनिक आधार पर की जाएगी।

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने तथा अपने फार्म जमा करवाने के लिए करीब 300 से 400 विद्यार्थी कॉलेज परिसर में आए। इन सभी विद्यार्थियों को मेरिट सूची में अपना नाम देखने तथा प्रवेश लेने के लिए कल आने को कहा गया है। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन पोर्टल आज शाम तक काम करना शुरू कर देगा और छात्र नए रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं या अपने फॉर्म में बदलाव कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र अब मास कम्युनिकेशन,साइकोलॉजी और सोशियोलॉजी जैसे नए विषय भी चुन सकते हैं। बताया कि जिन विद्यार्थियों को अपने विषय में बदलाव करना हैं।

---

# सफाई का टेंडर खत्म मंडी में चहुंओर गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



सफाई का टेंडर खत्म होने के बाद मंडी में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है। दुकानों के आगे, फड़ों पर गंदगी के ढेर लगे नजर आ रहे है। बेसहारा पशु गंदगी के मुंह मार कर पूरे फड़ पर उसे फैला दे जिससे बीमारी फैलने का डर दुकानदारों, आढ़तियों में बना हुआ है। हैप्पी, सत्ता, वेदप्रकाश, सज्जन, प्रमोद, सज्जन जैन, राजेंद्र जिंदल, विकास बंसल ने कहा कि काफी दिनों से फड़ों पर गंदगी ही गंदगी नजर आ रही है। पूरे फड़ पर गंदगी होने से हर समय बदबू से आने-जाने वाले परेशान रहते है। मार्केट कमेटी हर साल लाखों रुपए फसल से मार्केट फीस के रूप में वसूल करती है लेकिन सफाई को लेकर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि बारिश होने के बाद तो गंदगी से आने वाली बदबू से दुकानों में बैठना मुश्किल हो जाता है। बेसहारा पशु पूरे फड़ पर गंदगी को फैला देते है। ऐसे में बीमारी फैलने का डर भी रहता है।

# पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ का मांगों पर मंथन

- 2018 में भर्ती किए गए कर्मचारियों को 25500 का वेतनमान देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक प्रदेशाध्यक्ष चांदराम चहल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री विनोद शर्मा ने किया। बैठक में संघ के संस्थापक एवं प्रांतीय मुख्य सलाहकार रमेश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रदेश महासचिव विनोद शर्मा ने कहा कि बैठक में मांगों व समस्याओं से संबंधित भेजे गए 20 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा की गई और कई संगठनात्मक विषयों पर गहन मंथन किया गया है। मांग पत्र तैयार करके जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री, मुख्यमंत्री तथा विभाग के प्रमुख अभियंता को भेज कर कर्मचारियों की की मांगों व समस्याओं पर मंत्री की मौजूदगी में अधिकारियों के साथ संघ शिष्टमंडल के साथ वार्ता कर मांग पत्र पर बातचीत से समाधान करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से विभाग में 2018 में भर्ती किए गए कर्मचारियों को 25500 का वेतनमान देने, सेवा नियमों में जिन पदों की योग्यता मैट्रिक पास, आईटीआई डिप्लोमा है उन पदों को 25500 का वेतनमान देने, विभाग में 16 वर्षों से कार्यरत एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों जिस पद पर कार्यरत हैं, उसको स्वीकृत करके नियमित करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को पॉलिसी बना कर नियमित करने, अनुबंधित कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा का लाभ देने, जॉब वर्क के समय का वास्तविक अनुभव दर्ज करने, ग्रुप डी कर्मियों को 58 की बजाय 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति की मांग की गई ।

### छात्रों की सहायता के लिए आईएसओ ने लगाया हेल्प डेक्स

**नरवाना।** इण्डियन नेशनल लोक दल की छात्र विंग आईएसओ के प्रदेश सचिव मोहित बेलरखा की अध्यक्षता में शहर के कमला मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय में छात्रों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क लगाया गया और छात्रों की समस्याओं का हल किया गया। मोहित बेलरखा ने कहा कि महाविद्यालय में ओपन काउन्सिल थी जिन विद्यार्थियो का वेटिंग लिस्ट में नाम आया हुआ है उनके डॉक्युमेंट्स को जमा किया गया है कॉलेज में अब भी पर्याप्त मात्रा में रिक्त सीटें पड़ी हैं जिनको भरने का सिलसिला कई दिन चलेगा।

# जीवन बचाने के लिए करें पौधरोपण

- ब्राह्मण संसद ने बस स्टैंड पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

अखिल भारतीय ब्राह्मण संसद के तत्वावधान में नगर के नए बस स्टैंड पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष संजीव गौत्तम ने की। इस मौके पर त्रिवेणी के साथ-साथ अनेक प्रकार के औषधीय व फलदार पौधे लगाए गए। अपने संबोधन में संजीव गौत्तम ने कहा कि मनुष्य को अगर अपना जीवन बचाना है तो पौधारोपण को जन आंदोलन बनाना होगा। क्षेत्र के सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों के अलावा हर व्यक्ति को इस वृक्षारोपण आंदोलन में अपनी भागीदारी निभानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पेड़ प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन चिंता का विषय है। जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए पौधारोपण को बढ़ावा देने की जरूरत है। जीवन के लिए हरियाली जरूरी है और यह हरियाली केवल पौधारोपण करके ही आ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल पौधारोपण करने भर से हमारी जिम्मेवारी खत्म नहीं हो जाती बल्कि हमें उस पौधे को बच्चो जैसा लालन-पालन देकर बड़ा पेड़ बनाना होगा। तभी पौधारोपण किया हुआ सार्थक होगा। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद सफीदों क्षेत्र में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाएगी। इसके लिए संस्था की ओर से व्यापक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इस मौके पर रामकरण शर्मा, प्रिंस सिवानामाल, हरितस पुरोहित, सुखदेव राणा, सुरेश पुरोहित, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।



पौधारोपण करते हुए संस्था के पदाधिकारीगण।

# सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकाल की देखरेख और संचालन करेगी सुदकैन कलां की पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सुदकैन कलां में स्वतंत्र समूह सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से बनाई गई सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकाल की देखरेख एवं संचालन की जिम्मेदारी पंचायत को सौंपी गई। अब पंचायत महिला पुस्तकालय की देखरेख एवं संचालन करेंगी। यहां पर एक साथ 40 छात्राएं बैठकर प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी कर सकती है। पुस्तकाल बनने से सुदकैन कलां, सुदकैन खुर्द, काब्रच्छा, डूमरखा कलां, डूमरखा खुर्द, ढाकल की बेटियों को भी फायदा होगा। अब उन्हें प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए उचाना, नरवाना नहीं जाना पड़ेगा।



**उचाना।** सरपंच अशोक कुमार को महिला पुस्तकाल के संचालन, देखरेख का पत्र सौंपते हुए कृष्ण श्योकंद। फोटो :हरिभूमि

बेटियों के लिए महिला पुस्तकाल बनने से अब अभिभावक भी अपनी बेटियों को यहां प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए भेज सकेंगे। स्वतंत्र समूह सेवा समिति प्रधान कृष्ण श्योकंद द्वारा महिला पुस्तकाल की जिम्मेदारी, संचालन की जिम्मेदारी पंचायत को देने का पत्र सरपंच को दिया। सरपंच अशोक कुमार ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी है उसको सही तरीके से चलाने का काम करेंगे। स्वतंत्र समूह सेवा समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर, प्रधान कृष्ण श्योकंद का विशेष तौर पर आभार व्यक्त पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया। महिला पुस्तकाल बनने से आस-पास के गांवों की बेटियों को भी फायदा होगा। जो 40 सीटिंग यहां बैठने की है उसको बढ़ाने, कंप्यूटर लाने एवं राजकीय स्कूल में रिक्त गणित अध्यापक के पद पर जब तक नियुक्ति नहीं होती तब तक पंचायत एवं स्वतंत्र समूह सेवा समिति द्वारा अपने स्तर पर अध्यापक रखने को लेकर लेकर मीटिंग में चर्चा हुई। प्रदीप मोर ने कहा कि निरंतर स्वतंत्र सेवा समूह समिति समाज हित के कार्य कर रही है। जरूतमंदों युवाओं को मदद मिलेगी।

# भाजपा की सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट : बिजेंद्र

- जनता खुद को कर रही असुरक्षित महसूस, विस चुनाव का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस नेता बिजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि भाजपा के शासन काल मे व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। आमजन की सुविधा नही मिल रही है। बिजली-पानी नही मिल रहा है। कानून व्यवस्था बदतर हो चुकी है। कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल रही है। किसी भी वर्ग को भाजपा सरकार ने नही बख्शा। लोगों बरगला कर भाजपा ने सत्ता हथियाई। फिर उनका ही शोषण करना शुरू कर दिया। किसान तथा महिला खिलाडियो के साथ जो हुआ उसके बारे मे सभी को जानकारी है। स्कूलों में मास्टर नही हैं। अस्पतालो में डाक्टर नही हैं। पढ़े लिखों को रोजगार नही है। किसानों को भाव नही मिल रहा है। समय पर बिजली पानी नही मिल रहा है। धान रोपाई का सीजन है। बारिश बहुत कम हुई है। नहर बंद हैं। किसानों का चार घंटे भी बिजली लगातार नही मिल रही है। हत्या, लूटपाट, फिरौती की घटनाएं बढ़ रही हैं। व्यापारी के साथ आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।



**जींद।** कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए बिजेंद्र ढाठरथ।

**कार्यक्रम** दसवीं के छात्र यश जांगडा हैड ब्यॉय व निकिता ने हैड गर्ल के रूप में ली शपथ

# इंडस ग्लोबल अकेडमी में कैबिनेट शपथ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना में सत्र 2024-25 के लिए स्कूल कैबिनेट का चुनाव किया गया। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंडस पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर रचना श्योराण और प्राचार्या अरूणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ रचना श्योराण,अरूणा शर्मा, प्रवीन परूथी, प्रवीन फुटेला व स्कूल प्रबंधन कमेटी ने दीप प्रज्वलित करके किया। रचना श्योराण, अरूणा शर्मा की अध्यक्षता में इंडस ग्लोबल अकेडमी के डॉयरेक्टर प्रवीन परूथी के द्वारा नई कैबिनेट को विधिवत पद, गोपनीयता एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कैबिनेट में कक्षा दसवीं के छात्र यश जांगडा को हैड ब्यॉय, कक्षा 11वीं की छात्रा निकिता को हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलाई। कक्षा 11वीं से आर चरण को सहायक हैड ब्वाय और कक्षा आठवीं से लक्षिता को सहायक हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलाई गई। कक्षा दसवीं से अनुशासन कोऑर्डिनेटर सचिन, सातवीं कक्षा से सहायक अनुशासन कोऑर्डिनेटर प्रांजल, 11वीं कक्षा से सांस्कृतिक सचिव खुशी, आठवीं कक्षा से सहायक सांस्कृतिक सचिव विमुधा, 11वीं कक्षा से एसेंबली समन्वयक कोमल, सातवीं कक्षा से सहायक असेंबली समन्वयक मानवी, दसवीं कक्षा से खेल सचिव सारा, दसवीं कक्षा से सहायक खेल सचिव अभिमन्यु ने शपथ ग्रहण की। अरावली सदन से कैप्टन वंश लाठर, वाइस कैप्टन निकेत, सदन अध्यक्ष नीलम, नीलगिरी सदन से कैप्टन कृष, वाइस कैप्टन मनीष, सदन अध्यक्ष निशा, शिवालिक सदन से कैप्टन दक्ष, वाइस कैप्टन हार्दिक, सदन अध्यक्ष सुमन ने शपथ ग्रहण की।




**जींद।** चुनी गई कैबिनेट के साथ इंडस अकेडमी प्रबंधन व केबिनेट के लिए चयनित विद्यार्थी को बैज लगाते हुए अरूणा शर्मा।